# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेन्सी क्षेत्र – इन्दौर

क्रमांक 10284/48/2024/चयन इन्दौर दिनांक 25 OCT 2024

## //विज्ञप्ति//

**राज्य सेवा परीक्षा 2022 के पद हेतु विज्ञापित पदों की अग्रमान्यता ऑनलाइन प्रस्तुत करने संबंधी ।**

आयोग के विज्ञापन क्र. 11/2022 दिनांक 30.12.2022 एवं शुद्धिपत्रादी के अंतर्गत मध्य प्रदेश शासन के विभिन्न विभागों हेतु राज्य सेवा परीक्षा 2022 के कुल 456 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है उक्त पदों के ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किए जाने की अंतिम तिथि 16.02.2023 निर्धारित थी ।

2/ आयोग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा 2022 के रिक्त पदो के साक्षात्कार आयोग कार्यालय में दिनांक 11.11.2024 से आयोजित किए जा रहे है । उक्त साक्षात्कार हेतु योग्य सभी अभ्यर्थियों को उपरोक्त विज्ञापन अंतर्गत अद्यतन पदों के विवरण का सूक्ष्मता से अवलोकन उपरांत ऑनलाइन अग्रमान्यता प्रस्तुत करना अनिवार्य है एवं अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वह ऑनलाइन अग्रमान्यता पत्रक की सुस्पष्ट 02 प्रति साक्षात्कार दिवस को अनिवार्यतः साथ लेकर आना सुनिश्चित करेंगे ।

3/ अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in पर दिनांक <u>05.11.2024</u> से उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन अग्रमान्यता भर सकेंगे । (उक्त विज्ञप्ति के साथ मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग के पदों का अग्रमान्यता पत्रक का प्रारूप उपलब्ध है)

4/ **मुख्य परीक्षा के परीक्षा परिणाम अनुसार, मुख्य भाग (87 प्रतिशत) हेतु लघुसूचीकृत एवं प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत) हेतु लघुसूचीकृत अभ्यर्थी आयोग द्वारा जारी शुद्धिपत्र क्रमांक 02/11/2022, दिनांक 28.06.2023 में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग हेतु पृथक–पृथक विज्ञापित पदों के सूक्ष्म अवलोकन उपरांत अभ्यर्थी अग्रमान्यता ऑनलाइन सबमिट करें ।** साक्षात्कार हेतु उपस्थित अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन अग्रमान्यता नही भरने की स्थिति में आयोग द्वारा जारी अग्रमान्यता पत्रक के क्रम अनुसार ही ऐसे अभ्यर्थी की अग्रमान्यता स्वमेव ही भरी मानी जाएगी, एवं इसमें परिवर्तन के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई अभ्यावेदन स्वीकार नही किया जाएगा ।

**<u>विशेष :–</u>**
1. ऑनलाइन अग्रमान्यता भरते समय दर्शित समस्त निर्देशों का सूक्ष्मता से अवलोकन करने के उपरांत ही अभ्यर्थी अपनी अग्रमान्यता अंकित करना सुनिश्चित करेंगे ।
2. ऑनलाइन अग्रमान्यता के आधार पर लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के प्राप्त अंकों की मेरिट सूची अनुसार अंतिम चयन परिणाम तैयार किया जाता है, अतः अभ्यर्थी द्वारा एक बार ऑनलाइन अग्रमान्यता सबमिट किए जाने के उपरांत किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार के परिवर्तन/संशोधन का कोई प्रावधान नही है । अतः आवेदक ध्यान पूर्वक अपनी अग्रमान्यता सबमिट करें ।
3. जिन पदों हेतु शारीरिक मापदंड आवश्यक है । अभ्यर्थी अग्रमान्यता भरने के पूर्व विज्ञापन अनुसार स्वयं का शारीरिक परीक्षण अनिवार्यतः करने के पश्चात् ही उस पद का चयन करें । भविष्य में चयनित एवं अपात्र होने पर अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे ।

**अपर परीक्षा नियंत्रक (चयन)**

# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर

## मुख्य भाग (87–प्रतिशत)/प्रावधिक भाग (13–प्रतिशत) में लघुसूचीकृत आवेदकों हेतु अग्रमान्यता पत्रक का प्रारूप

विज्ञापन क्रमांक :– 11/2022 दिनांक 31.12.2022 | परीक्षा का नाम :– राज्य सेवा परीक्षा 2022

| पद का कोड | पद का नाम | श्रेणी | वेतनमान | विभाग का नाम | वरीयता क्रम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य प्रशासनिक सेवा उप जिलाध्यक्ष | द्वितीय श्रेणी राजपत्रित | 15600-39100 + 5400 ग्रेड पे | सामान्य प्रशासन विभाग | |
| 2 | उप पुलिस अधीक्षक | द्वितीय श्रेणी राजपत्रित | 15600-39100 + 5400 ग्रेड पे | गृह (पुलिस) विभाग | |
| 3 | जिला सेनानी/जूनियर स्टाफ ऑफीसर/क्वार्टर मास्टर/ मुख्य अनुदेशक | द्वितीय श्रेणी राजपत्रित | 15600-39100 + 5400 ग्रेड पे | गृह (पुलिस) विभाग | |
| 4 | मध्य प्रदेश वित्त सेवा | द्वितीय श्रेणी राजपत्रित | 15600-39100 + 5400 ग्रेड पे | वित्त विभाग | |
| 5 | सहायक संचालक | द्वितीय श्रेणी राजपत्रित | 15600-39100 + 5400 ग्रेड पे | स्कूल शिक्षा विभाग | |
| 6 | सहायक आयुक्त, सहकारिता एवं सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थायें | द्वितीय श्रेणी राजपत्रित | 56100-177500 | सहकारिता विभाग | |
| 7 | श्रम पदाधिकारी (मुख्य निरीक्षक, मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम) | द्वितीय श्रेणी राजपत्रित | 15600-39100 + 5400 ग्रेड पे | श्रम विभाग | |
| 8 | जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी/सहायक संचालक | द्वितीय श्रेणी राजपत्रित | 15600-39100 + 5400 ग्रेड पे | महिला एवं बाल विकास विभाग | |
| 9 | सहायक संचालक | द्वितीय श्रेणी राजपत्रित | 15600-39100 + 5400 ग्रेड पे | जनसम्पर्क विभाग | |
| 10 | जिला पंजीयक | द्वितीय श्रेणी राजपत्रित | 15600-39100 + 5400 ग्रेड पे | वाणिज्यिक कर विभाग | |
| 11 | जिला आबकारी अधिकारी | द्वितीय श्रेणी राजपत्रित | 15600-39100 + 5400 ग्रेड पे | वाणिज्यिक कर विभाग | |
| 12 | मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रेणी "ख" | द्वितीय श्रेणी राजपत्रित | 15600-39100 + 5400 ग्रेड पे | नगरीय विकास एवं आवास विभाग | |
| 13 | अतिरिक्त सहायक विकास आयुक्त (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत) | द्वितीय श्रेणी राजपत्रित | 9300-34800+ 4200 ग्रेड पे | पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग | |
| 14 | विकास खण्ड अधिकारी | द्वितीय श्रेणी राजपत्रित | 9300-34800+ 3600 ग्रेड पे | पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग | |
| 15 | नायब तहसीलदार | तृतीय श्रेणी कार्यपालिक | 9300-34800+ 3600 ग्रेड पे | राजस्व विभाग | |
| 16 | वाणिज्यिक कर निरीक्षक | तृतीय श्रेणी कार्यपालिक | 9300-34800+ 3600 ग्रेड पे | वाणिज्यिक कर विभाग | |
| 17 | आबकारी उप निरीक्षक | तृतीय श्रेणी कार्यपालिक | 9300-34800+ 3600 ग्रेड पे | वाणिज्यिक कर विभाग | |
| 18 | उप पंजीयक | तृतीय श्रेणी कार्यपालिक | 9300-34800+ 3600 ग्रेड पे | वाणिज्यिक कर विभाग | |
| 19 | सहकारिता निरीक्षक / सहकारिता विस्तार अधिकारी | तृतीय श्रेणी कार्यपालिक | 36200-114800 | सहकारिता विभाग | |
| 20 | मध्यप्रदेश अधीनस्थ लेखा सेवा | तृतीय श्रेणी कार्यपालिक | 9300-34800+ 3600 ग्रेड पे | वित्त विभाग | |
| 21 | परिवहन उप निरीक्षक | तृतीय श्रेणी कार्यपालिक | 5200-20200+2800 ग्रेड पे | परिवहन विभाग | |